Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 29 ▫ अंक- 88 ▫ रायपुर, बुधवार 22 अप्रैल 2026 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## 'मैदान कप' प्रतियोगिता के जरिए हजारों बच्चों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच मिलेगा: सचिन

### बस्तर की पहचान बदलेंगे सचिन तेंदुलकर, 50 स्कूल मैदानों को विकसित किया जाएगा

**जगदलपुर, 22 अप्रैल (हाईवे चैनल)।** बदलते बस्तर में आज भारत रत्न और क्रिकेट जगत के महानायक सचिन तेंदुलकर का आगमन हुआ है। पूर्व क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर का बस्तर पहुंचना सिर्फ एक दौरा नहीं, बल्कि उस परिवर्तन की तस्वीर है, जहां डर की जगह अब सपनों ने ले ली है। सचिन यहां बच्चों के खेल भविष्य को संवारने के मिशन के साथ पहुंचे हैं। सचिन के साथ उनकी बहु सानिया चंदोक, बेटी सारा तेंदुलकर एवं सचिन फाउंडेशन के 5 सदस्य भी पहुंचे हैं।

कभी नक्सलवाद की दहशत से पहचान बनाने वाला बस्तर अब बदलाव की नई कहानी लिख रहा है। जिस धरती पर कभी गोलियों की गूंज सुनाई देती थी, वहां अब खेल और विकास की आवाज बुलंद हो रही है। मीडिया से बातचीत करते हुए सचिन तेंदुलकर ने बताया कि बस्तर में 50 स्कूल मैदानों को विकसित किया जाएगा, जहां बच्चों को बेहतर खेल सुविधाएं मिलेंगी।

सचिन ने बताया, 'मैदान कप' प्रतियोगिता के जरिए हजारों बच्चों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच मिलेगा। इस पहल को मानदेशी और सचिन तेंदुलकर फाउंडेशन का सहयोग मिल रहा है। करीब 5 हजार से ज्यादा बच्चों को इस अभियान से सीधा लाभ मिलेगा। कबड्डी, खो-खो, एथलेटिक्स और वॉलीबॉल जैसे खेलों के जरिए बस्तर के युवाओं को नई पहचान देने की तैयारी है।



**सचिन के साथ उनकी बहु सानिया चंदोक, बेटी सारा तेंदुलकर एवं सचिन फाउंडेशन के 5 सदस्य भी पहुंचे**

**युवा क्रिकेटर द्रोण ने कहा- सचिन से मिलकर बहुत खुश हैं:** युवा क्रिकेटर द्रोण वर्मा ने बताया कि सचिन तेंदुलकर से मिलना उनके लिए बेहद खास पल रहा। सचिन ने उनके बैट पर ऑटोग्राफ देते हुए 'बेस्ट विशेष' लिखा और आगे भी अच्छा खेलने के लिए प्रेरित किया। द्रोण ने कहा कि वह काफी देर से उनका इंतजार कर रहे थे और मुलाकात के बाद बहुत खुश हैं। बच्चों ने भी सचिन तेंदुलकर को बस्तर मॉडर्न आर्ट भेंट कर सम्मान किया।

**फाउंडेशन के कार्यों का जायजा लेने आए हैं सचिन:** बस्तर एसपी शलभ सिन्हा ने बताया कि सचिन तेंदुलकर अपने फाउंडेशन के कार्यों का जायजा लेने बस्तर पहुंचे हैं। दौरे के दौरान काफी संख्या में लोग मौजूद रहे, जिसे देखते हुए पुलिस प्रशासन ने पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था की थी। उन्होंने कहा कि सचिन अपने निर्धारित कार्यक्रमों में शामिल होंगे और कार्यक्रम समाप्त होने के बाद वापस लौटने की योजना है।

**बच्चों के बल्ले पर दिया ऑटोग्राफ**



इस दौरान स्थानीय क्रिकेट प्रेमी बच्चों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। बच्चों ने सचिन का स्वागत किया। सचिन तेंदुलकर ने बच्चों के बल्ले पर ऑटोग्राफ भी दिया, जिसे पाकर मासूम चेहरों पर खुशी झलक उठी। यह पल बच्चों के लिए किसी सपने के सच होने जैसा बन गया। जो बस्तर कभी हिंसा की खबरों में रहता था, आज वही बस्तर खेल प्रतिभाओं की नई राजधानी बनने की ओर बढ़ रहा है। सचिन तेंदुलकर का यह दौरा साफ संदेश है कि अब बस्तर बंदूक नहीं, बल्ले और मेडल से पहचाना जाएगा।

## नरेला इलाके में जूते की फैक्टरी में लगी भीषण आग

### आसमान में छाया काला धुआं, दमकलकर्मी मौके पर

**नई दिल्ली, 22 अप्रैल (न्यूज चैनल)।** नरेला औद्योगिक क्षेत्र में बुधवार सुबह एक जूता फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। यह आग ए ब्लॉक में स्थित एक जूता बनाने वाली फैक्टरी में लगी है। आग इतनी भयावह थी कि देखते ही देखते इसने पूरी फैक्टरी को अपनी चपेट में ले लिया और आसमान में काले धुएं का गुबार छा गया। इस घटना ने स्थानीय लोगों में हड़कंप मचा दिया।



आग लगने की सूचना मिलते ही दमकल विभाग को तुरंत सूचित किया गया। सूचना के तुरंत बाद दिल्ली दमकल की 17 से अधिक गाड़ियां मौके पर पहुंच गईं और आग बुझाने का प्रयास किया जा रहा है। आग किस वजह से लगी है अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। आग लगने की सूचना मिलते ही दमकल विभाग को तुरंत सूचित किया गया। सूचना के तुरंत बाद दिल्ली दमकल की 17 से अधिक गाड़ियां मौके पर पहुंच गईं और आग बुझाने का प्रयास किया जा रहा है। आग किस वजह से लगी है अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। आग लगने के कारणों का पता लगाने की कोशिश की जा रही है। शॉर्ट सर्किट, गैस रिसाव या किसी अन्य प्रकार की लापरवाही को आग लगने की वजह माना जा रहा है। इस घटना में किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। हालांकि, आग की इस घटना में लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया, जिससे फैक्टरी मालिक को भारी नुकसान हुआ है।

## ब्रेकिंग न्यूज

### कलयुगी बेटा बना मां का हत्यारा, वारदात के बाद पहुंचा पुलिस स्टेशन, इलाके में फैली सनसनी

**बलौदाबाजार, 22 अप्रैल (हाईवे चैनल)।** छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार-भाटापारा जिले से दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है. पारिवारिक विवाद के कारण एक कलयुगी बेटे ने अपनी 65 साल की मां की बेरहमी से हत्या कर दी. घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है. घटना के बाद आरोपी खुद थाने पहुंचा और आत्मसमर्पण कर दिया, जिससे मामले ने और भी गंभीर रूप ले लिया. यह पूरी घटना कोतवाली थाना क्षेत्र के मगरवाय ग्राम की बताई जा रही है। जानकारी के मताबिक, पुलिस ने आरोपी बेटे को तत्काल हिरासत में ले लिया है. उससे पूछताछ की जा रही है. वहीं घटना की सूचना पर पुलिस और एफएसएल की टीम घटनास्थल पहुंची और जांच शुरू कर दी. घटना के संबंध में साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं।




चूहा- डोनाल्ड ट्रंप बार-बार कह रहें हैं ईरान बात मान जाए नहीं तो तबाह कर देंगे..!

चुहिया- हां जी, फिर शांति का पुरस्कार कैसे मिल पाएगा..!

## तेज रफ्तार कार ने बाइक सवारों को रौंदा, एक की हुई मौत

### इधर बारात से लौट रही कार पलटी





**बालोद/बिलासपुर, 22 अप्रैल (हाईवे चैनल)।** छत्तीसगढ़ में सड़क हादसों की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। देर रात बालोद और बिलासपुर जिले में दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाएं हुई हैं, जिनमें एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि कई लोग घायल हुए हैं। घटनाओं की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है।

बालोद जिले के डौंडी लोहारा थाना क्षेत्र अंतर्गत भेड़िया पेट्रोल पंप के पास एक तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार लोगों को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में मौके पर ही एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को तत्काल प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर किया गया है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को मर्चुरी भेजकर आगे की जांच शुरू कर दी है।

बिलासपुर जिले के तोरवा थाना क्षेत्र अंतर्गत लालखदान इलाके में एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पलट गई। बताया जा रहा है कि कार सवार लोग बारात से लौट रहे थे, तभी यह हादसा हो गया। जानकारी के अनुसार, सड़क निर्माण कार्य के दौरान लापरवाही और उचित सुरक्षा संकेतों की कमी के चलते यह दुर्घटना हुई। सड़क किनारे बिना चेतावनी के गड्ढा खोदे जाने से वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। इस हादसे में कार सवार दो लोग घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## चुनाव आयोग से खरगे की शिकायत: कांग्रेस प्रमुख के खिलाफ ईसीआई पहुंची बीजेपी, पीएम मोदी के खिलाफ बयान से जुड़ा है विवाद

**नई दिल्ली, 22 अप्रैल (न्यूज चैनल)।** संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू और निर्मला सीतारमण के नेतृत्व में भाजपा का एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल आज चुनाव आयोग से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे द्वारा प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ कथित रूप से दिए गए बयान को लेकर आयोग के समक्ष शिकायत दर्ज कराई। भाजपा नेताओं ने इसे गंभीर और निंदनीय मामला बताते हुए निर्वाचन आयोग से हस्तक्षेप की मांग की।

मुलाकात के बाद केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि प्रतिनिधिमंडल दुख और



आक्रोश के साथ आयोग के समक्ष पहुंचा। रिजिजू ने आरोप लगाया कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अपमान किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री को आतंकवादी कहना केवल प्रधानमंत्री का नहीं, बल्कि पूरे देश का अपमान है। वहीं केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने आयोग के समक्ष यह मुद्दा उठाया है कि कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता जैसे वरिष्ठ पद पर बैठे व्यक्ति ने बेहद निंदनीय शब्दों का इस्तेमाल किया है। उन्होंने कहा कि यह बयान किसी निजी बातचीत में नहीं, बल्कि चुनावी राज्य चेन्नई में मीडिया को संबोधित करते हुए दिया गया, जहां प्रधानमंत्री को आतंकवादी कहा गया। सीतारमण ने कहा कि आज देश एक गंभीर और भावनात्मक दिन मना रहा है, क्योंकि पुलवामा हमले की पहली बरसी पूरी हुई है।

## करेंसी टावर में लिफ्ट फेल! आईएएस के बाद अब कांग्रेस नेता फंसे, गार्ड ने किसी तरह निकाला बाहर

**रायपुर, 22 अप्रैल (हाईवे चैनल)।** राजधानी रायपुर के वीआईपी रोड स्थित करेंसी टावर में लिफ्ट से जुड़ी लापरवाही का मामला थमता नजर नहीं आ रहा है। आईएएस ऋचा शर्मा के लिफ्ट में फंसने की घटना के बाद अब कांग्रेस प्रवक्ता नितिन भंसाली भी इसी तरह की स्थिति का शिकार हो गए। जानकारी के मुताबिक, नितिन भंसाली बुधवार को करेंसी टावर पहुंचे थे, जहां वे भी कुछ समय के लिए लिफ्ट में फंस गए। इस दौरान लिफ्ट का सपोर्ट सिस्टम काम नहीं कर रहा था। मदद के लिए कोई व्यवस्था न होने पर उन्होंने लिफ्ट का दरवाजा पीटना शुरू किया। आवाज सुनकर मौके पर मौजूद गार्ड ने किसी तरह दरवाजा खोलकर उन्हें बाहर निकाला। इस घटना के बाद पूरे कॉम्प्लेक्स की लिफ्ट व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। जानकारी के अनुसार, इस बड़े कॉम्प्लेक्स में करीब 850 दुकानें और ऑफिस संचालित हैं, लेकिन यहां केवल 4 लिफ्ट हैं। उनमें से भी केवल 2 ही किसी तरह संचालित हो रही हैं, जबकि बाकी लिफ्ट बंद पड़ी हैं।

## साय सरकार ने कर्मचारियों की छुट्टियों पर रोक लगाई सुशासन तिहार और जनगणना को देखते हुए निर्णय

**रायपुर, 22 अप्रैल (हाईवे चैनल)।** साय सरकार ने कर्मचारियों की छुट्टियों पर रोक लगाई है। सुशासन तिहार और जनगणना को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। जारी आदेश में लिखा है कि राज्य शासन द्वारा आगामी समय में सुशासन तिहार एवं जनगणना जैसे महत्वपूर्ण कार्य नियोजित किए गए हैं, अतएव उक्त कार्यों को सुचारू रूप से संपादित किये जाने हेतु राज्य शासन एतदद्वारा आगामी 03 माह के लिए निम्नलिखित निर्देश प्रसारित प्रसारित करता है। कोई भी शासकीय सेवक सक्षम प्राधिकारी द्वारा अवकाश स्वीकृत किए जाने से पूर्व अवकाश पर प्रस्थान नहीं करेगा। बिना पूर्व स्वीकृति के कार्यालय से अनुपस्थित रहना स्वैच्छिक अनुपस्थिति मानी जाएगी और इसे सेवा नियमों के तहत ब्रेक इन सर्विस (सेवा में व्यवधान) के रूप में देखा जा



सकता है। आकस्मिक अवकाश की स्थिति में भी यथासंभव दूरभाष या डिजिटल माध्यम से पूर्व सूचना देना अनिवार्य होगा, जिसकी लिखित पुष्टि कार्यालय आगमन के तत्काल बाद करनी होगी। आवश्यक परिस्थिति में लंबे अवकाश (अर्जित अवकाश आदि) पर जाने से पूर्व संबंधित कर्मचारी को अपने कार्यों का प्रभार अन्य अधिकारी/कर्मचारी को विधिवत सौंपना अनिवार्य होगा। इन निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए।

## केदारनाथ धाम के कपाट खुले, पवित्र मौके पर दिखा भक्ति का अद्भुत नजारा



**नई दिल्ली, 22 अप्रैल (न्यूज चैनल)।** केदारनाथ जानें वाले श्रद्धालुओं के लिए अच्छी खबर है। आज से केदारनाथ मंदिर के कपाट खोल दिए गए है। 6 महीने के लंबे इंतजार के बाद बुधवार को केदारनाथ धाम के कपाट विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ खोल दिए गए। जैसे ही मंदिर के द्वार खुले पूरे इलाका हर-हर महादेव और जय बाबा केदार के जैकारों से गूंज उठा। इस पवित्र मौके पर भक्ति का नज़ारा देखने को मिला।

कपाट खुलने के बाद गर्भगृह में स्थित पंचमुखी स्वयंभू शिवलिंग की विशेष पूजा-अर्चना और आरती की गई। भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा और व्यवस्थाओं के पुख्ता इंतजाम किए हैं। यात्रियों की सुविधा के लिए चिकित्सा सेवाएं, रूट मैनेजमेंट और भीड़ नियंत्रण के लिए विशेष टीमें तैनात की गई हैं। साथ ही हेलीकॉप्टर सेवा, पैदल मार्ग और घोड़ा-खच्चर सेवाओं को भी सुचारु रूप से चलाया जा रहा है, ताकि श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी न हो।

## पहलगाम हमले की बरसी: इस्राइली राजदूत ने कहा- आतंक के खिलाफ लड़ाई में भारत के साथ

**नई दिल्ली, 22 अप्रैल (न्यूज चैनल)।** पहलगाम आतंकी को आज एक साल पूरे हो गए हैं। जब आतंकी हमला हुआ था तब पूरे विश्व ने इस हमले की निंदा की थी। आज भारत में इस्राइल के राजदूत रूवेन अजार इस आतंकी हमले को याद किया। उन्होंने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में तेल अवीव नई दिल्ली के साथ खड़ा है। एक्स पर पोस्ट करके अजार ने कहा, पहलगाम आतंकी हमले में 26 बेकसूर लोगों की जान जाने की दुखद घटना को एक साल हो गया है। हम उन्हें याद करते हैं। आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में इस्राइल भारत के साथ खड़ा है।

उन्होंने एक वीडियो संदेश भी साझा किया, जिसमें उन्होंने पीड़ितों के परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की और 7 अक्टूबर को इस्राइल द्वारा झेली गई क्रूरता से इसकी तुलना की। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि आतंकवाद की कोई सीमा नहीं होती और इस खतरे का सामना करने में भारत और इस्राइल एकजुट हैं। पहलगाम आतंकी हमला 22 अप्रैल, 2025 को हुआ था, जब पर्यटकों को निशाना बनाकर किए गए एक क्रूर नरसंहार में 26 लोग मारे गए थे। इस हमले को द रेजिस्टेंस फ्रंट ने अंजाम दिया था, जो पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा का ही एक हिस्सा है।



विश्व सिन्धी कांग्रेस के चेयरमैन डॉ. लखू लुहाना ने एक कड़ा बयान जारी करते हुए पीड़ितों को याद किया और इस हमले की कड़ी निंदा की। डॉ. लुहाना ने कहा, पहलगाम हमले की पहली बरसी के इस गंभीर मौके पर, हम उन बेकसूर लोगों को गहरे दुख के साथ याद करते हैं, जिनकी जान इस हिंसा की बेमतलब घटना में चली गई, और उन परिवारों को भी याद करते हैं, जिन पर इस घटना का गहरा और कभी न मिटने वाला जख्म लगा है। उन्होंने आगे कहा, हम इस क्रूर हमले की कड़ी निंदा करते हैं, जिसने इंसानियत और शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व की बुनियाद पर ही हमला किया है। ऐसे कृत्यों की किसी भी समाज में कोई जगह नहीं होनी चाहिए और इन्हें बिना किसी शर्त के पूरी तरह से खारिज किया जाना चाहिए, चाहे इनका मकसद या बहाना कुछ भी क्यों न हो।

अर्जेंटीना के भारत में राजदूत, मारियानो कॉसिनो ने पीड़ितों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी। मारियानो कॉसिनो ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, भारत के खिलाफ पहलगाम आतंकी हमले की दुखद घटना को एक साल बीत चुका है।

### पीएम मोदी ने बोले- आतंकवाद के सामने कभी नहीं झुकेगा भारत



पहलगाम में हुए भीषण आतंकी हमले की पहली बरसी पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 22 अप्रैल, 2025 को जान गंवाने वाले 26 निर्दोष लोगों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर पीएम ने आतंकवाद के खिलाफ भारत के कड़े रुख को दोहराते हुए कहा कि देश किसी भी परिस्थिति में आतंक के सामने नहीं झुकेगा। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'X' पर एक पोस्ट के माध्यम से पीड़ितों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की। उन्होंने लिखा कि उन मासूम जिंदगियों को कभी नहीं भुलाया जाएगा जिन्होंने पिछले साल आज ही के दिन अपनी जान गंवाई थी। एक राष्ट्र के रूप में, हम दुख और संकल्प में एकजुट हैं। भारत कभी भी किसी भी तरह के आतंक के आगे नहीं झुकेगा। आतंकवादियों के नापाक मंसूबे कभी सफल नहीं होंगे।